Chapter- 9

# संयुक्त व्यंजन, संयुक्ताक्षर एवं द्वित्व व्यंजन

## STUDY NOTES

- हम संयुक्त व्यंजन, संयुक्ताक्षर तथा द्वित्व व्यंजन के बारे में ज्ञान प्राप्त करेगें।

- संयुक्त व्यंजन – जो व्यंजन २ या २ से अधिक व्यंजनों के मिलने से बनते हैं उन्हें संयुक्त व्यंजन कहा जाता है। संयुक्त व्यंजन एक तरह से व्यंजन का ही एक प्रकार है। संयुक्त व्यंजन में पहला वर्ण हमेशा स्वर रहित होता है और दूसरा वर्ण स्वर सहित होता है।

  संयुक्त व्यंजन की संख्या – ४ है (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र)

  क्ष - क् + ष् + अ - (मोक्ष, कक्षा, रक्षा)

  त्र - त् + र् + अ - (पुत्र, नेत्र, मित्र)

  ज्ञ - ज् + ञ् + अ - (यज्ञ, ज्ञानी, आज्ञा)

  श्र - श् + र् + अ - (श्रम, परिश्रम, आश्रम)

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- संयुक्ताक्षर – दो अलग अलग व्यंजनों के मेल से बने अक्षर संयुक्ताक्षर कहलाते हैं।

  जैसे – प् ( ॒ ) + त् - प्त - (गुप्त)

  च् ( ॒ ) + छ - (च्छ) - (अच्छा)

  क् ( क ) + ख - क्ख - (मक्खी)

  प् ( ॒ ) + य - प्य - (प्यारा)

- द्वित्व व्यंजन -

  दो समान या एक जैसे व्यंजनों से मिलकर बने व्यंजन द्वित्व व्यंजन कहलाते हैं।

  जैसे – क् ( क ) + क – क्क (पक्का)

  ट् + ट - ट्ट (खट्टा)

च् ( च ) + च - च्च (कच्चा)

स् ( स ) + स – स्स (रस्सी)

त् ( त ) + त - त्त (पत्ता)

ल् ( ल ) + ल – ल्ल (बिल्ली)

## अभ्यास कार्य (पृष्ठ संख्या ५८)

१. दिए गए वर्णों में से सही वर्ण चुनकर खाली स्थान भरिए -




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर: | पत्र | श्रम | कक्ष | यज्ञ |
| | पुत्र | श्रमिक | रक्षक | कृतज्ञ |

२. चित्र पहचान कर उनके नाम लिखिए -



यज्ञ



श्रमिक




पत्र



श्रीमान

३. संयुक्त व्यंजनों से एक-एक शब्द बनाइए –

क्ष – कक्षा    त्र – पत्र

ज्ञ - ज्ञान    श्र - श्रम

## अभ्यास कार्य (पृष्ठ संख्या ६०, ६१)

१. चित्रों के नाम बोलिए जो व्यंजन दो बार आया है, उसे लिखिए –






त्त    क्ख

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




ल्ल

२. जोड़कर नए शब्द बनाइए –






**३. दिए गए संयुक्ताक्षर एवं द्वित्व व्यंजनों को अलग-अलग करके लिखिए –**

**(पक्का, छुट्टी, लच्छा, क्यारी, बच्चा, रास्ता)**

| **संयुक्ताक्षर** | **द्वित्व व्यंजन** |
|---|---|
| लच्छा | पक्का |
| क्यारी | छुट्टी |
| रास्ता | बच्चा |

## अतिरिक्त प्रश्न-

१. समानलय वाले शब्द लिखें -

क) पत्र - ...........

ख) कक्षा - ...........

ग) आश्रम - ...........

घ) आज्ञा - ...........

ङ) अच्छा - ...........

च) पक्का - ...........

छ) सिक्का - ...........

उत्तर – (क) मित्र (ख) रक्षा (ग) परिश्रम (घ) संज्ञा

(ङ) लच्छा (च) छक्का (छ) मुक्का

२. दिए गए व्यंजनों से दो-दो शब्द लिखें।

क) क्ख - ..........., ...........

ख) प्य - ..........., ...........

ग) क्क - ..........., ...........

घ) ल्ल - ..........., ...........

ङ) च्छ - ..........., ...........

उत्तर – (क) मक्खी, मक्खन (ख) प्यारा, प्याला (ग) सिक्का, पक्का (घ) बिल्ली, दिल्ली (ङ) अच्छा, लच्छा

३. प्रश्नों के उत्तर दें –

क) पिताजी किसमें चाय पीते हैं?

उत्तर - प्याली

ख) चाय का स्वाद कैसा था?

उत्तर - अच्छा

ग) मैं बाजार से क्या लाता हूँ?

उत्तर - मिट्टी के खिलौने

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow